M/s. SHANTA SERVICE STATION
Bharat Petroleum
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
# दैनिक धनुषधारी
संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी
वर्ष-32, अंक 193, उल्हासनगर, रविवार 13 जुलाई 2025 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com




## खुंटवली में निःशुल्क नागरी आरोग्य केंद्र की मांग तेज

### पूर्व उपनगराध्यक्ष राजेंद्र वालेकर ने पंचायत समिति को लिखा पत्र

अंबरनाथ (नि.स.)। अंबरनाथ नगरपरिषद के पूर्व उपनगराध्यक्ष राजेंद्र वालेकर ने खुंटवली क्षेत्र और उसके आस-पास के गरीब व दिहाड़ी मजदूर नागरिकों के लिए बहुभाषिक विद्यालय के सभागृह में निऱ्शुल्क नागरी आरोग्य केंद्र शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने अंबरनाथ पंचायत समिति को पत्र लिखकर क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर तात्कालिक ध्यान देने का अनुरोध किया है।

वालेकर ने पत्र में उल्लेख किया है कि खुंटवली क्षेत्र के कई नागरिकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है, जिस कारण वे निजी डॉक्टरों की महंगी फीस वहन नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप वे अक्सर उपचार से वंचित रह जाते हैं या इलाज को टालते रहते हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने स्वयं आकर उनसे इस समस्या के बारे में शिकायत की है और बहुभाषिक विद्यालय के सभागृह में निऱ्शुल्क आरोग्य केंद्र शुरू करने की मांग रखी है। इस प्रस्तावित आरोग्य केंद्र में नागरिकों को मुफ्त उपचार के साथ ही रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, खून की कमी, क्षयरोग, कुष्ठरोग और संक्रामक रोगों का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाए, ऐसी अपेक्षा वालेकर ने जताई है। इसके अलावा, माता और शिशु को बीमारियों से सुरक्षा देने हेतु नियमित टीकाकरण जैसी सुविधाएं भी इस केंद्र में दी जाएं, यह मांग उन्होंने पत्र के माध्यम से की है। राजेंद्र वालेकर का मानना है कि इस प्रकार के आरोग्य केंद्र से गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं सरलता से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि यह निःशुल्क आरोग्य केंद्र जल्द से जल्द शुरू किया जाए। अब इस मांग पर पंचायत समिति प्रशासन क्या निर्णय लेता है, इस पर खुंटवली क्षेत्र के नागरिकों की नजरें टिकी हुई हैं।

## दो अज्ञात महिलाओं ने घर से चुराया लाखों रूपये का जेवर

उल्हासनगर (नि.स.)। घर में काम करने वाली दो अज्ञात महिलाओं द्वारा घर से लाखों रूपये मूल्य के सोने का जेवर चुराने का मामला मध्यवर्ती पुलिस थाना में दर्ज हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार कैंप 3, टेकड़ी, देवकी नंदन पैलेस में रहने वाले डॉक्टर महेश अर्जनदास माखिजा (47) ने घर में काम करने वाली दो अज्ञात महिलाओं के खिलाफ घर से सोने का जेवरात चुराने की शिकायत मध्यवर्ती पुलिस थाना में दर्ज करवाया है। अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके घर के बेडरूम के अलमीरा में रखा 4 लाख 75 हजार रूपये मूल्य का सोने का जेवरात उन दोनों महिलाओं ने चुरा लिया। आगे की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक चव्हाण कर रहे हैं।

## तड़ीपार आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

उल्हासनगर (नि.स.)। परिमंडल चार के पुलिस उपायुक्त द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए दो साल के लिए तड़ीपार किये गए एक शातिर अपराधी को विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर के कैंप चार, आशेलापाड़ा में रहने वाले 39 वर्षीय अविनाश सुब्रमण्यम नायडू की आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए पुलिस उपायुक्त द्वारा 18 जुलाई 2024 को ठाणे, मुंबई और रायगढ़ जिला के कर्जत व पनवेल तालुका से दो साल के लिए तड़ीपार किया था। शुक्रवार रात 8 बजे जब कल्याण पूर्व के चिंचपाड़ा रोड पर साईदीप बार एंड रेस्टोरेंट में नायडू के होने की जानकारी विठ्ठलवाड़ी पुलिस को मिली तब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। आगे की जाँच सहायक पुलिस निरीक्षक हर्षल कुलकर्णी कर रहे हैं।

**Staff Required**
**( SINDHI MALE )**
Qualification-B.COM PASSED FOR ACCOUNTS & FOR SALESMAN
Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
MOB.NO. 9307579475

# उल्हासनगरः फर्नीचर बाजार में अवैध पार्किंग पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई




उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर कैंप 3, फर्नीचर बाजार क्षेत्र में गुरुवार देर शाम उल्हासनगर यातायात विभाग द्वारा अवैध पार्किंग के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई गई। इस अभियान के दौरान कुल 140 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1,17,000 रुपए का ऑनलाइन चालान जारी किया गया। यह कार्रवाई यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मनीष राजे पठाणे की ऑन-ग्राउंड मौजूदगी में की गई, जिसमें ट्रैफिक विभाग के अन्य अधिकारी व हवलदार भी शामिल थे।

फर्नीचर बाजार में लंबे समय से डबल पार्किंग, सड़क किनारे वाहनों की अनधिकृत खड़ी और टेम्पो चालकों द्वारा मुख्य सड़क पर माल की लोडिंग-अनलोडिंग के कारण भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई थी। स्थानीय नागरिकों और नियमित आने-जाने वाले यात्रियों द्वारा बार-बार इसकी शिकायतें की जा रही थीं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए यह ठोस कदम उठाया गया। पुलिस निरीक्षक मनीष राजे पठाणे ने इस अवसर पर कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यदि कोई वाहनचालक नियमों का उल्लंघन करेगा या सार्वजनिक सड़कों पर ट्रैफिक बाधित करेगा, तो उसके विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें, ताकि शहर की सड़कें जाम-मुक्त और सुगम बनी रहें।

## कीचड़युक्त रास्ते से परेशान छात्र और अभिभावक, रास्ता सुधारने की मांग तेज



कल्याण (नि.सं.)। यहां के गौरीपाड़ा इलाके में स्थित भारतीय इंग्लिश स्कूल के पास साईबाबा मंदिर से स्कूल तक जाने वाला रास्ता इन दिनों बुरी तरह कीचड़ और गंदगी से भर चुका है। इस बदहाल रास्ते के कारण छात्रों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाराज अभिभावकों ने स्कूल प्रशासन से शिकायत करते हुए मांग की है कि इस रास्ते की तत्काल मरम्मत की जाए।

जानकारी के अनुसार, स्कूल के पास एक बिल्डर का निर्माणकार्य चल रहा है, जहां जेसीबी जैसी भारी वाहनों की आवाजाही के कारण रास्ता और भी जर्जर हो गया है। स्कूल के प्राचार्य प्रभाकर जाधव ने बताया कि यह रास्ता एक निजी जमीन से होकर गुजरता है और वह एक पालक की संपत्ति है। उन्होंने बताया कि निर्माणकार्य के चलते रास्ता बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। प्राचार्य जाधव ने आगे कहा कि मनपा (महानगरपालिका) ने साईबाबा मंदिर से आरटीओ कार्यालय तक एक नया सार्वजनिक मार्ग बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपील की है कि यह रास्ता जल्द से जल्द बनाया जाए ताकि स्थानीय नागरिकों और छात्रों को राहत मिल सके। अभिभावकों का कहना है कि बारिश के मौसम में यह रास्ता पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे छोटे बच्चों को स्कूल पहुंचाना मुश्किल हो गया है। अब सभी की निगाहें मनपा पर टिकी हैं कि कब तक इस रास्ते का समाधान होता है।

## कैंप 5 की बिजली कटौती जल्द होगी खत्म ...


### एमएसईबी अधिकारीयों ने मानवाधिकार टीम को दिया आश्वासन

उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर कैंप 5 में लगातार हो रही घंटों की बिजली कटौती को लेकर शुक्रवार 11 जुलाई को मानवाधिकार कार्यालय, ओ.टी. चौक, कैंप 5 में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में एमएसईबी के कैंप 5 चीफ इंजीनियर दिलीप कुंबारे एवं संजय पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक में क्षेत्र की गंभीर विद्युत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों के मद्देनज़र, अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि कैंप 5 में हो रही रोज़ाना बिजली बंद की समस्या को सुलझाने के लिए मेंटेनन्स, अंडरग्राउंड वायरिंग आदि ठोस उपाय किए जाएंगे। एमएसईबी के अधिकारी दिलीप कुंबारे ने जानकारी दी कि अंबरनाथ एमआईडीसी स्थित आनंद नगर से जुड़ी तकनीकी समस्याएं आगामी 15 दिनों में हल कर दी जाएंगी। बैठक में सबसे बड़ी राहत की खबर यह रही कि गायकवाड़ पाड़ा, उल्हासनगर में राज्य सरकार की ओर से एक डायरेक्ट लाइट स्टेशन की स्थापना कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसे 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस परियोजना के तहत 100 एमवीए का सब-स्टेशन स्थापित किया जा रहा है, जिससे कैंप 5 समेत पूरे क्षेत्र को स्थायी बिजली राहत मिलेगी। इस योजना के लागू होने से अगले 50 वर्षों की बिजली कटौती की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी, ऐसा विश्वास संजय पवार ने व्यक्त किया। बैठक के अंत में मानवाधिकार टीम के मनीष ठाकुर और स्थानीय नागरिकों की ओर से एमएसईबी विभाग और अधिकारियों को उनके सकारात्मक सहयोग व त्वरित आश्वासनों के लिए धन्यवाद दिया गया।

## रामचंद शांती दरबार में वर्सी महोत्सव की धूम



उल्हासनगर (नि.स.)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी उल्हासनगर कैंप 1, बैरक 180 के सामने स्थित दादा रामचंद शांति दरबार में साईं रामचंद साहेब जी के वर्सी महोत्सव की धूम मची हुई है। इस वर्ष साईं रामचंद साहेब की 32वीं वर्सी स्मृति के उपलक्ष में 11 जुलाई से 13 जुलाई तक कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन संत कुमार साहेब द्वारा किया गया हैं। जिसमें शुक्रवार दिनांक 11 जुलाई को सुबह रोजाना की तरह सत्संग, भजन-कीर्तन, हवन यज्ञ व माता देवी रानी जी की अध्यक्षता में ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार दिनांक 12 जुलाई को दोपहर के वक्त संत-महात्माओं का भोजन भंडारा व शाम 7 बजे से भजन व आरती का आयोजन किया गया।

आज रविवार दिनांक 13 जुलाई को सुबह के सत्संग के बाद दोपहर 1.30 बजे भोग साहब का आयोजन किया गया है जहां शहर के कई नामी कलाकारों व महापुरुषों द्वारा ससंकृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। दरबार के सेवदारियों द्वारा संगत से इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।

## उल्हासनगर में दमन की शराब बेचने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

### आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर शहर में राज्य के बाहर से आने वाली सस्ती शराब की बिक्री रोकने के लिए आबकारी विभाग ने कदम उठाया है। विभाग की टीम द्वारा की गई छापेमारी में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और 68,000 रुपये मूल्य की शराब तथा दो मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।



मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उल्हासनगर के कैंप 5, बाबा निजधाम चौक क्षेत्र में दो युवक अवैध रूप से नकली शराब बेचने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालासाहेब जाधव के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक अविनाश पाटिल, पुलिस कांस्टेबल उमेश गायकवाड़, जमादार योगेश राणे, प्रशांत निकुंभ, शरद भोर, मयूर तायडे और चालक मंदार निजाबकर की टीम ने जाल बिछाया और कार्रवाई की। एक्टिवा मोटरसाइकिल पर आ रहे कैंप 4 निवासी विजय बजाज और आशीष पाहुजा को रोककर तलाशी ली गई तो उनके वाहन में दमन निर्मित रॉयल स्टैग और रॉयल चैलेंज शराब बरामद हुई। इसके बाद, उनके आवास पर छापेमारी के दौरान 750 मिलीलीटर रॉयल चैलेंज व्हिस्की की 29 बोतलें और रॉयल स्टैग व्हिस्की की 35 बोतलें जब्त की गईं। कुल मिलाकर लगभग 68,000 रुपये मूल्य की नकली शराब एवं करीब तीन लाख रुपये मूल्य की दो मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं। इस मामले में विजय बजाज और आशीष पाहुजा के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जाँच की जा रही है।

## राजनीतिक दबाव में मनपा प्रशासन ने रद्द किये शिक्षकों के तबादले!

नवी मुंबई (नि.सं.)। पिछले 10 साल से एक ही स्कूल में कुंडली जमाएं बैठे लगभग 168 मनपा शिक्षकों के तबादले का फैसला नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने लिया था. परन्तु आयुक्त के फैसले का राजनीतिक विरोध शुरू हो गया और चर्चा है कि इसी विरोध के कारण प्रशासन को आखिरकार झुकना पड़ा और शिक्षकों के तबादले का फैसला लिए एक महीना बीत चुका है, लेकिन तबादले पर किसी तरह का अमल होता हुआ नहीं दिख रहा! समझा जा रहा है कि तबादलों का यह फैसला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

बताते चलें कि, नवी मुंबई मनपा द्वारा हाल ही में शुरू किए गए सीबीएसई सहित कई माध्यमिक स्कूलों को चलाया जा रहा है. इनमें कक्षा 1 से 10 तक लगभग 50 हजार छात्र पढ़ते हैं. मनपा ने प्राथमिक और माध्यमिक विभागों के लिए लगभग 660 शिक्षकों की नियुक्ति की है. इनमें से 168 शिक्षक दस साल से भी अधिक समय से एक ही स्कूल में कार्यरत हैं. कुछ तो अपनी नियुक्ति के बाद से ही एक ही स्कूल में जमे बैठे हैं. आखिरकार मनपा प्रशासन की ओर से महाराष्ट्र सरकार के स्थानांतरण एवं नियुक्ति विनियमन अधिनियम, 2005 को लागू करने का निर्णय लिया गया था. इस अधिनियम में सरकारी सेवा में रोटेशनल पोस्टिंग अनिवार्य का प्रावधान है. ये स्थानांतरण नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत से पहले, यानी 16 जून से पहले किए जाने थे. इनमे से जिन्हें कानून के अनुसार रियायतें दी जा सकती हैं ऐसे विशेष श्रेणी के शिक्षकों की जानकारी एकत्र की गई है।

स्थानांतरण का निर्णय उन शिकायतों के बाद लिया गया है जिनमें कहा गया था कि कुछ शिक्षक अपनी एकाधिकारवादी प्रवृत्ति के कारण कर्मचारियों के साथ विवाद कर रहे हैं और स्कूलों के कामकाज में बाधा डाल रहे हैं. हालाँकि, चर्चा है कि इनमें से कुछ शिक्षकों ने राजनीतिक हस्तियों के माध्यम से प्रशासन पर स्थानांतरण न करने का दबाव डाला. यही कारण है कि प्रशासन इस मुश्किल में पड़ गया है. बताया जा रहा है कि प्रशासन के इस रुख के कारण, कुछ शिक्षकों जो यह मानते हैं कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, के उनमें मनमाने कार्यभार में और वृद्धि होगी.इस संबंध में शिक्षा विभाग के उपायुक्त संघरत्ना खिल्लारे से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

## छात्रा ने बहादुरी से अपहरण का प्रयास किया विफल, रिक्शा चालक समेत 2 के विरुद्ध मामला दर्ज

भिवंडी (नि.सं.)। महिलाओं एवं नाबालिग लड़कियों पर अत्याचार की घटनाऐं हर जगह बढ़ती जा रही हैं। भिवंडी में एक रिक्शा चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर एक स्कूली छात्रा का अपहरण करने का प्रयास किया। इस बार छात्रा ने बहादुरी से रिक्शा चालक पर हमला किया और खुद को छुड़ाने में कामयाब रही।

पुलिस के अनुसार शहर के नागांव स्थित फातिमा नगर इलाके में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग लड़की बुधवार 9 जुलाई को दोपहर 12 बजे रिक्शा से स्कूल के लिए निकली थी, जब रिक्शा रामनगर स्थित पानी की टंकी के पास पहुँचा तो छात्रा ने रिक्शा चालक को रूकने के लिए कहा, लेकिन रिक्शा चालक ने रिक्शा रोके बिना ही लड़की को जबरन ले जाने की कोशिश की। उस समय सावधानी बरतते हुए छात्रा ने अपने स्कूल बैग में रखे कंपास बॉक्स से रिक्शा चालक पर वार किया और बगल में बैठे उसके साथी को धक्का दिया और रिक्शा से कूद कर खुद को बचा लिया। उसके बाद छात्रा स्कूल चली गई, लेकिन घर लौटने पर उसने अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया। जिसके बाद में शुक्रवार को छात्रा की शिकायत पर अज्ञात रिक्शा चालक और उसके साथी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 137(2), 62 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस छात्रा द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर रिक्शा चालक की तलाश कर रही है।

## ट्रैफिक जाम की समस्याओं से राहत के लिए ऑड-ईवन पार्किंग व्यवस्था की माँग

पनवेल (नि.सं.)। पनवेल इलाके में ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुवे पनवेल मनपा ने बहुमंजिला पार्किंग स्थल का निर्माण का निर्णय लिया है. इस बीच खारघर इलाके में पार्किंग की समस्याओं को लेकर ट्रैफिक जाम और यातायात की समस्याओं के समाधान के लिए सम-विषम यानी ऑड-ईवन पार्किंग सिस्टम लागू करने की मांग खारघर के नागरिकों ने की है. नागरिको की ओर से भाजपा जिला सचिव बृजेश पटेल द्वारा नवी मुंबई के ट्रैफिक डीसीपी को एक लिखित पत्र देकर यह मांग की गई है।

भाजपा जिला सचिव बृजेश पटेल ने खारघर सेक्टर 20 के एआरएम एवेन्यू, प्लॉट संख्या 12 से जलूवाड़ी फेज-02, ट्विन्स टावर (प्लॉट संख्या 57) से प्रिंस टावर (प्लॉट संख्या 51) रोड-(हावरे स्प्लेंडर के सामने वाली सड़क) और शुभ होम्स टावर (प्लॉट संख्या 78) से ट्विन्स टावर (प्लॉट संख्या 51) रोड पर सम-विषम नियम लागू करने की मांग की है. भाजपा नेता बृजेश पटेल ने बताया कि निवासियों की बढ़ती संख्या और वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण इन क्षेत्रों में ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है. खासकर स्कूल, कार्यालय और शाम के समय इन सड़कों पर भारी ट्रैफिक देखा जाता है. इसके समाधान के रूप में, सम-विषम पार्किंग व्यवस्था को नियमित करने से यातायात सुगम होगा और आपातकालीन सेवाओं जैसें एम्बुलेंस, अग्निशमन विभाग के वाहनों को भी आसानी से आने-जाने में मदद मिलेगी।

संपादकीय

# लाचार हालत में राज्य की कानून व्यवस्था

आखिरकर कारोबारी की हत्या करने वाला बिल्डर को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पर बीते दो-तीन दिनों में हत्या की कई घटनाओं ने एक बार फिर मौजूदा सरकार के उन दावों को आईना दिखाया है, जिसमें वह अपनी सबसे बड़ी ताकत सुशासन और अपराध पर काबू करने को बताती रही है। विडंबना यह है कि जघन्य अपराधों के बढ़ते ग्राफ के बावजूद सरकार सब कुछ अच्छा होने के प्रचार पर जोर देती रही और दूसरी ओर जमीन पर हालत और बिगड़ती चली गई है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शुक्रवार देर रात पटना के केंद्र में स्थित बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में शहर के एक कारोबारी की गोली मार कर हत्या कर दी गई और हत्यारा आराम से फरार भी हो गया। हत्या की घटना जिस जगह हुई, वहां से जिलाधिकारी का आवास और पुलिस थाना काफी नजदीक है। गौरतलब है कि पटना में जिस कारोबारी की हत्या की गई, करीब छह वर्ष पहले उनके बेटे को भी अपराधियों ने मार डाला था। एक अन्य घटना में शुक्रवार को ही राज्य के सीवान जिले के मलमलिया चौक पर अपराधियों ने सरेआम पांच लोगों को तलवार से काट डाला, जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो बुरी तरह घायल हो गए। ऐसा लगता है कि राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह लाचार हालत में है, अपराधी बेखौफ हैं और सरकार के हाथ में शायद कुछ भी नहीं रह गया है। वरना क्या वजह है कि जघन्य अपराध एक तरह से राज्य में आम होते जा रहे हैं और पुलिस या कानून का डर कहीं नहीं दिखता है। राज्य में हत्या की घटनाओं और इनकी प्रकृति को देखते हुए स्वाभाविक ही ये सवाल उठेंगे कि ऐसे में आम लोग अपनी सुरक्षा को लेकर क्या सोचें। बिहार में नीतीश कुमार की सरकार जितने वर्षों से सत्ता पर काबिज है, उतने में अब वह यह भी सफाई देने की हालत में नहीं है कि उसके कामकाज पर अतीत की छाया है। यह एक तरह से अपनी नाकामी को स्वीकार करने जैसा होगा। इसके बावजूद राज्य में अपराधों की तस्वीर पर जब भी सवाल उठते हैं, तो सरकार में शामिल दल अतीत के कथित 'जंगल राज' की याद दिलाने लगते हैं। यह पूछा जाना चाहिए कि मौजूदा दौर में राज्य में जघन्य आपराधिक घटनाओं की जो हालत है, अपराधी बेलगाम दिखते हैं, तो इसे किस तरह के राज के रूप में देखा जाएगा!

संपादक,टीकम लालवानी

# ठाकरे भाइयों के मिलन से मुश्किल में कांग्रेस, क्या महाविकास अघाड़ी के बीच सबकुछ ठीक नहीं

ऐसे में पार्टी वैसे भी आक्रामक हिंदी विरोधी रुख नहीं अपना सकती थी। पार्टी के एक नेता ने कहा, ठाकरे केवल बीएमसी चुनावों पर नज़र रख रहे हैं और हम बीएमसी चुनावों में अकेले जाना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए कभी किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ठाकरे ने बीएमसी में सत्ता बरकरार रखने के लिए यह सब किया है। हमारे विधायकों में यह भावना है कि हमें अकेले ही चुनाव (बीएमसी चुनाव में) लड़ना चाहिए। हमारे पास जो भी जगह है, हम उसे नहीं छोड़ सकते।

(मनोज सीजी)



महाराष्ट्र में 20 साल बाद मराठी भाषा विवाद मुद्दे पर ठाकरे भाई साथ आए। शिवसेना यूबीटी के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एनएनएस) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने संयुक्त रूप से महाराष्ट्र में एक 'विजयी सभा' को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में एनसीपी (शरद पवार) को भी निमंत्रण मिला था लेकिन उसका कोई भी नेता मंच पर नहीं था। कांग्रेस को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन कांग्रेस का कोई नेता इसमें शामिल नहीं हुआ। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उन्हें पूरे मन से आमंत्रित नहीं किया गया था। वहीं कई कांग्रेसी नेता मानते हैं कि इस मामले पर दिल्ली और प्रदेश कांग्रेस के बीच कम्युनिकेशन की कमी थी।

**राज ठाकरे का कट्टर हिंदुत्व कांग्रेस के लिए सही नहीं**

कांग्रेस द्वारा ठाकरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने से बचने के कई कारण हैं, जिनमें कुछ महीनों में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से लेकर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव शामिल हैं। राज ठाकरे राज्य की राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए अक्सर कट्टर हिंदुत्व का रुख अपनाते आए हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि ठाकरे भाईयों के दोबारा मिलने (मराठी पहले और हिंदी विरोधी थोपने आंदोलन से प्रेरित) का सीमित प्रभाव होगा, जो मुख्य रूप से मुंबई और बीएमसी चुनावों तक ही सीमित रहेगा। कांग्रेस ऐसी पृष्ठभूमि में उनके साथ जगह साझा करते हुए नहीं दिखना चाहती थी, लेकिन वह उद्धव को नाराज करने का जोखिम भी नहीं उठा सकती।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, यह आधे-अधूरे मन से दिया गया निमंत्रण था। हमारे नेताओं को आमंत्रित किया गया था। एनसीपी इस कार्यक्रम में गई थी, लेकिन उनका अपमान किया गया, उनके नेताओं को मंच पर भी नहीं बुलाया गया। ठाकरे मराठी आंदोलन का सारा श्रेय लेना चाहते थे। यह अच्छी बात है कि हम नहीं गए, क्योंकि कांग्रेस हिंदी विरोधी आंदोलन का हिस्सा नहीं थी। अजीबोगरीब बयानों के बावजूद, हमारे नेताओं ने इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से नहीं लिया, क्योंकि वे दिल्ली (पार्टी नेतृत्व) के निर्देश के बारे में स्पष्ट नहीं थे।

**कांग्रेस ने बीएमसी चुनावों के लिए कभी नहीं किया गठबंधन**

कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है और चुनावी राज्य बिहार सहित हिंदी पट्टी में अपने प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। ऐसे में पार्टी वैसे भी आक्रामक हिंदी विरोधी रुख नहीं अपना सकती थी। पार्टी के एक नेता ने कहा, ठाकरे केवल बीएमसी चुनावों पर नज़र रख रहे हैं और हम बीएमसी चुनावों में अकेले जाना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए कभी किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है।

नेतृत्व में कम्युनिकेशन की कमी: कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ठाकरे ने बीएमसी में सत्ता बरकरार रखने के लिए यह सब किया है। हमारे विधायकों में यह भावना है कि हमें अकेले ही चुनाव (बीएमसी चुनाव में) लड़ना चाहिए। हमारे पास जो भी जगह है, हम उसे नहीं छोड़ सकते। जब हम गठबंधन करते हैं (उद्धव सेना के साथ), तो अल्पसंख्यक वोट बैंक भाजपा उम्मीदवारों को हराने के लिए शिवसेना की ओर चला जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता। यह एक पेचीदा स्थिति है। वैसे भी मुंबई में कांग्रेस का कोई खास जनाधार नहीं है। हम न तो मराठी मानुष (भूमिपुत्र) के साथ हैं और न ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार केवल अल्पसंख्यकों के बीच है, जो कुछ जगहों पर सपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवारों के बीच है। उत्तर भारतीयों के बीच हमारा थोड़ा सा जनाधार है, जो राज के साथ दिखने पर खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के लिए अब ज्यादा वोट बैंक नहीं बचा है। हम पूरी तरह से भ्रमित हैं।

कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है और चुनावी राज्य बिहार सहित हिंदी पट्टी में अपने प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। ऐसे में पार्टी वैसे भी आक्रामक हिंदी विरोधी रुख नहीं अपना सकती थी। पार्टी के एक नेता ने कहा, ठाकरे केवल बीएमसी चुनावों पर नज़र रख रहे हैं और हम बीएमसी चुनावों में अकेले जाना चाहते हैं। हमने बीएमसी चुनावों के लिए कभी किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा, ठाकरे ने बीएमसी में सत्ता बरकरार रखने के लिए यह सब किया है। हमारे विधायकों में यह भावना है कि हमें अकेले ही चुनाव (बीएमसी चुनाव में) लड़ना चाहिए। हमारे पास जो भी जगह है, हम उसे नहीं छोड़ सकते। जब हम गठबंधन करते हैं (उद्धव सेना के साथ), तो अल्पसंख्यक वोट बैंक भाजपा उम्मीदवारों को हराने के लिए शिवसेना की ओर चला जाता है, लेकिन शिवसेना का वोट हमें नहीं मिलता। यह एक पेचीदा स्थिति है। वैसे भी मुंबई में कांग्रेस का कोई खास जनाधार नहीं है। हम न तो मराठी मानुष (भूमिपुत्र) के साथ हैं और न ही गुजरातियों के साथ। हमारा जनाधार केवल अल्पसंख्यकों के बीच है, जो कुछ जगहों पर सपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवारों के बीच है। उत्तर भारतीयों के बीच हमारा थोड़ा सा जनाधार है, जो राज के साथ दिखने पर खत्म हो जाएगा। कांग्रेस के लिए अब ज्यादा वोट बैंक नहीं बचा है। हम पूरी तरह से भ्रमित हैं।

कांग्रेस का एक बड़ा वर्ग पार्टी के हालात से नाखुश है। एक नेता ने कहा, यहां कोई भी पहल नहीं कर रहा है, क्योंकि छोटे से छोटे कार्यक्रम के लिए भी दिल्ली से अनुमति लेनी पड़ती है। महाराष्ट्र पार्टी नेतृत्व को यह समझ में नहीं आ रहा था कि हमें हिंदी विरोधी रुख अपनाना चाहिए या नहीं। इसलिए वे बीच में आ गए। मुद्दा मराठी का नहीं, बल्कि हिंदी थोपने का था। अगर हिंदी को कक्षा 1 से थोपा गया तो मराठी को नुकसान होगा। यही तर्क है।

पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा, हमने भी (हिंदी थोपने के विवाद पर) बात की, लेकिन मनसे और सेना (यूबीटी) ने आक्रामक रुख अपनाया, लोगों की पिटाई की और सब कुछ किया। उन्होंने इसे बहुत स्पष्ट कर दिया क्योंकि मीडिया को केवल ऐसी कहानियां पसंद हैं। कांग्रेस अलग-थलग रही। कांग्रेस के साथ एक समस्या यह है कि दिल्ली उन्हें जय हिंद यात्रा, संविधान सम्मान सम्मेलन आदि आयोजित करने के लिए निर्देशित कर रही है, जिनमें केवल कट्टर कांग्रेसी लोग ही शामिल होते हैं। हमें कृषि मूल्य, कानून और व्यवस्था, भ्रष्टाचार या यहां तक कि मराठी भाषा जैसे लोगों के मुद्दों को उठाना चाहिए। हमें सड़कों पर होना चाहिए था, जरूरी नहीं कि ठाकरे के नेतृत्व में।

**बिहार चुनाव के कारण मुश्किल में कांग्रेस**

बिहार चुनाव ने कांग्रेस की दुविधा को बढ़ा दिया है। एक नेता ने कहा, हमें हिंदी पर स्पष्ट और सटीक दिशा-निर्देश की आवश्यकता थी। हम आंदोलन में खुलकर शामिल नहीं हो सकते थे क्योंकि इससे हिंदी विरोधी संदेश जाता। यह धर्मनिरपेक्षता की बहस की तरह है, हम धर्मनिरपेक्षता की बहुत बात करते हैं, हमें मुस्लिम समर्थक के रूप में देखा जाता है। इसमें हाईकमान की ओर से कोई दिशा-निर्देश नहीं था। हम कह सकते हैं कि मराठी की कीमत पर हिंदी नहीं थोपी जानी चाहिए, लेकिन लोगों की पिटाई करना हास्यास्पद है। कांग्रेस को यह रुख अपनाना चाहिए कि हम यह सब स्वीकार नहीं कर सकते। व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। पीसीसी अध्यक्ष और मुंबई कांग्रेस प्रमुख दोनों ही राजनीतिक रूप से कमजोर हैं, लेकिन पिछले हफ्ते जो हुआ, उसे देखिए- एआईसीसी प्रभारी रमेश चेन्निथला ने राज्य के सभी शीर्ष नेताओं को बैठक के लिए दिल्ली बुलाया, वे सभी राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने की उम्मीद में गए थे, लेकिन वे वहां नहीं थे। बैठक उस दिन बुलाई गई, जिस दिन राज्य विधानसभा का सत्र शुरू हुआ था। आप सत्र के पहले दिन एजेंडा तय करते हैं, प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं, अपने मुद्दे बताते हैं,और उस दिन हमारे सभी नेता दिल्ली में थे। चेन्निथला मुंबई आकर बैठक कर सकते थे। हालांकि कांग्रेस नेतृत्व अपने सहयोगी उद्धव को भी नाराज नहीं कर सकता। इंडिया ब्लॉक पहले से ही टूटा है। कांग्रेस एमवीए को बरकरार रखने की इच्छुक है, भले ही बीएमसी चुनावों के लिए नहीं लेकिन भविष्य के लिए गठबंधन को बनाए रखना चाहती है।

# एनटायर नोबल

(रमेश जोशी)

हैलो मिस्टर ट्रम्प, कैसे हैं शुरू करने से पहले हम कई देर सोचते रहे। कई संबोधन ध्यान में आए लेकिन अंत में हमने 'मिस्टर' को ही सुरक्षित पाया । मोदी जी आपको क्या संबोधन करते हैं, पता नहीं। पहले तो 'माई फ्रेंड ट्रम्प' कहा करते थे । ओबामा को तो वे 'बराक' कह कर संबोधित करते हैं।


पहले तो हमने सोचा कि जब कभी आप हमें डिनर के लिए बुलाने के लिए फोन करेंगे तो 35 मिनट बात करेंगे और तभी आपसे अगले शांति के नोबल के बारे में भी कुछ बात कर लेंगे। लेकिन आपकी बेचैनी और निराशा को देखते हुए हमें लगा कि हालत गंभीर है, तत्काल सलाह और मार्गदर्शन की आवश्यकता है । आपका फोन नंबर था नहीं सो पत्र लिख रहे हैं । फोन नंबर तो हमारे पास मोदी जी का भी नहीं है । वैसे हमें पता है कि सुनने वाले न तो आप है और न मोदी जी। आप दोनों भगवान की नहीं सुनते तो हम तो केन्द्रीय विद्यालय के एक सामान्य रिटायर्ड मास्टर हैं जिनसे मोदी जी ने 'सरकारी ' तक का दर्जा छीनकर आठवें पे कमीशन से बाहर कर दिया है। खैर, आपको इससे क्या मतलब आप तो खुद प्रवासियों को धक्के मारने में लगे हुए हैं ।

बात नोबल की है तो सुनें । मोदी जी को भले ही अंग्रेजी नहीं आती और आपके सामने उनकी बोलती बंद हो जाती है लेकिन आदमी काम के हैं। हमने नेहरू, इंदिरा को किसी राष्ट्र का सर्वोच्च सम्मान मिलते नहीं सुना लेकिन मोदी जी को अब तक फिलिप्स कोटलर सम्मान तथा सूरीनाम, मरीशस, पापुआ न्यू गिनी, फीजी, बुर्किना फासो, क्रोएशिया, साइप्रस जैसे दुनिया के 21 बड़े बड़े और शक्तिशाली देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान दिए हैं । कोई तो बात होगी मोदी जी में वरना आपको अब तक हमारा 'बरामद रत्न सम्मान' तक नहीं मिला । इसलिए रोज 'मैंने युद्ध विराम करवाया' कह-कहकर मोदी जी की भद्द पीटना छोड़कर उनसे सम्मान प्राप्ति के कुछ टिप्स लीजिए । सब कुछ संभव है ।


1939 में हिटलर का नाम भी नोबल के लिए प्रस्तावित हुआ था । हमारे यहाँ मस्जिद गिरवाने और मुसलमानों के प्रति आग उगलने वालों को देश के विशिष्ट पद्म सम्मान दिए गए हैं । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 74वीं पुण्य तिथि पर रविवार को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हिन्दू महासभा ने नाथूराम गोडसे और नारायण ऑप्टे के नाम स्थापित पहला 'गोडसे-ऑप्टे भारत रत्न' गाँधी को गाली देने वाले संदिग्ध और तथाकथित संत कालीचरण को जा सकता है कोई कानूनी कार्यवाही नहीं होती तो आपको नोबल मिलने के भी कई रास्ते हो सकते हैं । वैसे 'बरामदा रत्न' तो आप जब कहें हाजिर है । हम और तोताराम दोनों ही हैं उसकी चयन समिति में । तोताराम को मुनीर की तरह डिनर करवाने की भी जरूरत नहीं, चाय में ही मान जाएगा । पुरस्कार लेने के लिए अगर आप न आ सकें हम दोनों आ जाएंगे । हाँ, टिकट आप बनवाएंगे लेकिन अहमदाबाद से किसी एयर इंडिया के प्लेन की न बनवाएं । और अगर इस फ्लाइट के अलावा कोई रास्ता न हो तो सीट 11 ए वाली दिलवाइएगा जो बच पाने की संभावना बची रहे ।

वैसे एक और मनोवैज्ञानिक तरीका है । हमारे यहाँ अगर कोई सेना में न जा सके या सेना में किसी बड़े पद पर नहीं पहुँच सके तो वह अपने बेटे का नाम कप्तान सिंह, मेजर सिंह आदि रख लेता है । हमारे एक परिचित हैं। कभी बीबीसी में थे ।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



## वर्ग पहेली 5626



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1967 को यह देश ब्रिटेन से आजाद हुआ (3)
3. दयालु, कृपालु, ईश्वर का एक नाम (4)
6. कोई बात धीरे से कान के पास आकर कहना, फुसफुसाहट (4)
8. विभावरी, रजनी, निशा, रात्रि (2)
10. नासमझ, भोला (3)
11. आर.के.बैनर की बरसात फिल्म से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली जोड़ी में से एक (5)
14. शरारती, अति चंचल, उपद्रवी (4)
17. लालू यादव वाली पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
19. मवेशी, पशु, शम्मी कपूर राजश्री, राजेंद्र नाथ, पृथ्वीराज कपूर आदि की भूमिकाओं वाली सफल फिल्म (1965)(4)
20. अंक, क्रोड, गोद, बगल (3)
21. घोड़े पर खेला जाने वाला गेंद बल्ले का खेल, पोलो (3)


**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. राजकुमार, राजपुत्र, राजकुंवर (4)
2. लुटेरों द्वारा किया गया धावा कर माल, असबाब की लूट (2)
3. किसी जले या फटे हुए कपड़ों को धागा भरकर उसे बंद करना (2)
4. सुंदर स्त्री, रूपवती, सुंदरी (3)
5. दृगंचल, पलक (5)
7. अभियोग, मुकदमा (3)
9. निश्चित किया हुआ, निर्णीत (2)
12. अल्प वयस्क होने की अवस्था (5)
13. जो रिश्तें में पति की बहन हो (3)
15. यह मध्यप्रदेश के अंचल पश्चिमी निमाड़ का एक जिला है (4)
16. नमाज की सूचना के शब्द जो पुकारे जाते है (3)
18. धन-संपत्ति, स्वर्ण, दौलत, वृद्धावस्था, संपत्ति (2)
20. पुरानी फिल्मों के एक प्रसिद्ध हास्य अभिनेता (निधन 30 अप्रैल 1992) इनका बेटा भी प्रसिद्ध निर्देशक-अभिनेता (दिवंगत) रह चुका है (2)

**वर्ग पहेली 5625 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | ल | बि | हा | री | | म |
| दा | | ता | ज | | त | ला | क |
| ल | घु | | ली | ल | ना | | स |
| त | | मा | | | | प | द |
| | स | | र | ह | म | त | |
| सो | पा | न | | रा | ज | न | |
| म | | ज | | र | मा | | स्पे |
| | न | फ | र | त | | शा | न |

रास्ता खोजो...



Reliance
AUTHORISED DEALER
Konark
Enterprises Pvt. Ltd.
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath



# सर्वार्थसिद्धि योग में पड़ेगा सावन का पहला सोमवार... तिथि, शुभ मुहूर्त, योग और पूजा विधि


सनातन धर्म में श्रद्धा और आस्था का प्रतीक सावन माह इस वर्ष 11 जुलाई 2025 से आरंभ होकर 9 अगस्त 2025 को समाप्त होगा। इस पूरे महीने को भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्ति का समय माना जाता है। इस बार सावन की शुरुआत ऐसे समय हो रही है जब सर्वार्थसिद्धि योग, आयुष्मान योग, प्रीति योग और श्रवण नक्षत्र जैसे चार शुभ संयोग एक साथ बन रहे हैं। इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। पहला सोमवार 14 जुलाई, दूसरा 21 जुलाई, तीसरा 28 जुलाई, और चौथा सोमवार 4 अगस्त को होगा। इन चारों सोमवार को उपवास रखकर, शिवलिंग पर जलाभिषेक कर और भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना करने से विशेष पुण्यफल की प्राप्ति होती है।

## सावन में पड़ने वाले विशेष योग

सर्वार्थसिद्धि योग – यह योग सभी मनोकामनाओं की पूर्ति और महत्वपूर्ण कार्यों की सिद्धि के लिए सर्वोत्तम माना गया है।
प्रीति योग- प्रेम, शांति और सद्भावना बढ़ाने वाला शुभ योग।
आयुष्मान योग – यह योग लंबी उम्र, स्वास्थ्य और समृद्धि को बढ़ाता है।
श्रवण नक्षत्र – शुभ कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत उत्तम मुहूर्त।

## सावन का महत्व

हिंदू धर्म में सावन माह को भक्ति, व्रत, और साधना का महिना माना जाता है। मान्यता है कि इस समय सृष्टि का संचालन स्वयं भगवान शिव करते हैं। इस दौरान भक्त सोमवार का व्रत, रुद्राभिषेक, और शिवपुराण पाठ करते हैं। विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं द्वारा किए गए सोमवार व्रत को विवाह संबंधी बाधाओं को दूर करने वाला और मनचाहा जीवनसाथी पाने वाला व्रत माना गया है। इस पावन अवसर पर शिव मंदिरों में विशेष सजावट, जलाभिषेक, बेलपत्र अर्पण और रात्रि जागरण जैसे कार्यक्रमों की तैयारियां भी जोरों पर हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार का सावन अत्यंत शुभ फलदायी रहेगा क्योंकि शुभ योगों का मेल न केवल धार्मिक कार्यों के लिए लाभकारी है, बल्कि यह जीवन की सभी बाधाओं को दूर करने का अवसर भी प्रदान करता है।



# कब से शुरू होगा सावन मंगला गौरी व्रत, शुभ तिथियां और महत्व

मंगला गौरी व्रत सावन महीने के हर मंगलवार को रखा जाता है और यह देवी पार्वती जिनका एक नाम गौरी भी है, उन्हें समर्पित है। मंगला गौरी व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए रखती हैं। वहीं, अविवाहित लड़कियां मनपसंद जीवनसाथी और शीघ्र विवाह के लिए यह व्रत रखती हैं। ऐसा माना जाता है कि मंगला गौरी व्रत रखने से कुंडली में मंगल दोष के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं और घर में सुख, समृद्धि और शांति बनी रहती है।

## मंगला गौरी व्रत 2025 कब है?

सावन माह में पड़ने वाले मंगलवार के दिन मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। ऐसे में इस साल मंगला गौरी व्रत का आरंभ सावन माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि यानी कि 15 जुलाई से होगा। सावन कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि यानी कि मंगला गौरी व्रत के दिन का आरंभ ब्रह्म मुहूर्त से होगा और इसका समापन रात 10 बजकर 38 मिनट पर होगा। इस दिन माता गौरी की पूजा की जाएगी। इस बार सावन माह में चार मंगलवार पड़ेंगे यानी कि 4 मंगला गौरी व्रत रखे जाएंगे।

## मंगला गौरी व्रत 2025 का महत्व

- मंगला गौरी व्रत रखने से विवाहित महिलाओं के वैवाहिक जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आती है। इस व्रत को रखने से पति को लंबी आयु मिलती है और उनका स्वास्थ्य अच्छा रहता है।
- ऐसी मान्यता है कि देवी पार्वती जिन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी, इस व्रत को करने वाली सुहागिन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देती हैं।
- यह पति-पत्नी के रिश्ते में प्रेम, समझ और तालमेल को बढ़ाता है जिससे गृहस्थी खुशहाल रहती है। अविवाहित कन्याओं के लिए मंगला गौरी व्रत शीघ्र विवाह और मनपसंद जीवनसाथी की प्राप्ति के लिए अत्यंत प्रभावी माना जाता है।
- जो लड़कियां योग्य वर की तलाश में हैं या विवाह में किसी प्रकार की बाधा का सामना कर रही हैं उन्हें यह व्रत पूरी श्रद्धा से करने की सलाह दी जाती है। देवी पार्वती की कृपा से उनकी इच्छाएं पूरी होती हैं और उन्हें सुयोग्य जीवनसाथी मिलता है जो उनके जीवन को सुखमय बनाता है।
- मंगला गौरी व्रत कुंडली में मंगल दोष के नकारात्मक प्रभावों को कम करने में सहायक होता है। मंगल दोष के कारण विवाह में देरी, वैवाहिक जीवन में समस्याएं या अन्य कष्ट आ सकते हैं।
- इस व्रत को करने से मंगल ग्रह के अशुभ प्रभाव शांत होते हैं, जिससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह व्यक्ति को साहस और आत्मविश्वास भी प्रदान करता है।
- जिन दंपत्तियों को संतान प्राप्ति में कठिनाई आ रही है, उनके लिए भी मंगला गौरी व्रत लाभकारी माना जाता है। देवी पार्वती को मातृत्व और सृजन की देवी माना जाता है।
- इस व्रत को सच्चे मन से करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है और संतान सुख की प्राप्ति में मदद मिलती है। यह व्रत संतान के स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए भी शुभ फलदायी होता है।

# आखिर क्यों भगवान शिव को कहा जाता है महाकाल



सावन का महीना शुरू हो गया है। ऐसे में हर तरफ आप भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हुए लोगों को देखती होंगी। भगवान शिव को कई नामों से पुकारा जाता है। उन्हें महादेव, भोलेनाथ, शंकर, शंभू, आदि नामों से पुकारा जाता है, लेकिन आखिर क्यों उन्हें महाकाल पुकारा जाता है?

## आखिर भगवान शिव को यह नाम क्यों मिला?

पौराणिक कथाओं के अनुसार उज्जैन में एक शिव भक्त ब्राह्मण निवास करता था। यहां पर रहने वाले लोग दूषण नाम के राक्षस के प्रकोप से डरते थे। लोग उसे काल के नाम से जानते थे। ब्रह्मा जी से दूषण को कई शक्तियां मिली थी, जिनका दुरुपयोग कर वह निर्दोष लोगों को परेशान करता था। राक्षस की शक्तियों के प्रकोप से ब्राह्मण काफी दुखी था, उसने भगवान शिव से राक्षस के नाश की प्रार्थना की, लेकिन भगवान ने काफी वक्त तक कुछ नहीं किया। प्रार्थनाओं का असर न होता देख एक दिन ब्रह्म भगवान शिव से नाराज हो गए और उनका पूजन बंद कर दिया। अपने ब्राह्मण भक्त को दुखी देख भगवान शिव हुंकार के रूप में प्रकट हुए और दूषण का वध कर दिया। क्योंकि लोग दूषण को काल कहते थे, इसलिए उसके वध के कारण भगवान शिव का नाम महाकाल पड़ा।

## क्या होता है महाकाल का मतलब?

काल का मतलब होता है समय और महाकाल का मतलब हुआ है वह जो समय से परे है अथवा उसका नियंत्रणकर्ता है। मान्यताओं के अनुसार, शिव जी प्रलय, विघटन या मृत्यु के देव हैं और वह हमारे समय यानी काल को भी नियंत्रित करते हैं।

## महाकाल की पूजा

राक्षस का वध करने के कारण बाबा महाकाल की पूजा का विशेष महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा महाकाल की आराधना करता है, उसे कभी मृत्यु का भय नहीं होता है।



# सावन में कांवड़ का है विशेष महत्व, कितने तरह की होती है ये यात्रा

सावन मास के प्रारंभ होने के साथ-साथ कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। कांवड़ यात्रा में कांवड़िया गंगा नदी में स्नान कर लोटे में जल भरकर से शिव मंदिर में सावन शिवरात्रि के दिन अभिषेक करते हैं। कांवड़िया भगवान शिव से प्रार्थना कर आशीर्वाद मांगते हैं, इस कांवड़ यात्रा को लेकर यह मान्यता है कि भगवान शिव कांवड़िया की सभी इच्छाएं पूरी करते हैं।

## कितने प्रकार की होती है कांवड़ यात्रा

### सामान्य कांवड़ यात्रा

सामान्य कांवड़ यात्रा में शिव भक्त चलते-चलते जब थक जाते हैं तो बीच-बीच में आराम कर सकते हैं। आराम के दौरान कांवड़ियों को इस बात का खास ध्यान देना पड़ता है कि कांवड़ बीच में जमीन पर न रखें। कांवड़िया अपने साथ स्टैंड लेकर चलते हैं, साथ ही वे कांवड़ को किसी पेड़ की डाल पर भी टांग देते हैं।

### डाक कांवड़ यात्रा

डाक कांवड़ यात्रा में कांवड़िया विश्राम नहीं करता है। जब वह पवित्र नदी से स्नान कर जल भरता है तब वह सीधा मंदिर में जाकर रुकता है। डाक कांवड़ यात्रा करने वाले कांवड़िया बीच में किसी भी चीज के लिए नहीं रुकते और उनकी यात्रा को सरल बनाने के लिए मार्ग में कई तरह की उचित व्यवस्था की जाती है।

### खड़ी कांवड़ यात्रा

खड़ी कांवड़ यात्रा में साधक कांवड़ लेकर चलते हैं। इस खड़ी कांवड़ यात्रा में 2-3 लोग साथ में चलते हैं, जिसमें एक के थकने पर दूसरे लोग कांवड़ लेकर साधक की यात्रा पूरी करने में सहायता करते हैं।

### दांडी कांवड़ यात्रा

कांवड़ यात्रा के सभी प्रकारों में दांडी कांवड़ यात्रा सबसे कठिन मानी गई है। इस दांडी कांवड़ यात्रा में कांवड़िया पवित्र नदी से स्नान कर जल भरता है और मंदिर तक दंडवती करते हुए पहुंचता है। इस यात्रा में सबसे ज्यादा समय लगता है।

### कौन सी कांवड़ यात्रा है सबसे सरल और सबसे कठिन

सबसे सरल की बात करें तो सामान्य कांवड़ यात्रा सबसे सरल है। इस यात्रा में कांवड़िया बीच-बीच में कांवड़ को स्टैंड पर रखकर आराम कर सकता है। वहीं दांडी कांवड़िया कांवड़ यात्रा के सभी प्रकार में सबसे ज्यादा कठिन है। इस कांवड़ यात्रा में कांवड़िया दंडवती करते हुए भगवान शिव को कांवड़ का जल अर्पित करता है।

# यात्रा के दौरान कांवड़ को जमीन में क्यों नहीं रखना चाहिए?



सावन मास में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है, इस माह में कांवड़िया कांवड़ में जल भरकर शिव जी का अभिषेक करते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि कांवड़ को जमीन पर क्यों नहीं रखते? कांवड़ को जमीन में नहीं रखने के पीछे एक धार्मिक मान्यता है। इस मान्यता के अनुसार कांवड़ियों का मानना है कि कांवड़ भगवान शिव का स्वरूप है, जिसे कभी भी जमीन में रखकर उसका अपमान नहीं करना चाहते हैं। इसके अलावा कांवड़ में भरा हुआ जल भगवान शिव को चढ़ता है, ऐसे में कांवड़िया जमीन पर रखे हुए जल को भगवान शिव के ऊपर नहीं चढ़ाते हैं। जिस मार्ग में कांवड़िया विश्राम के लिए रुकते हैं, उस स्थान में कावड़िया स्टैंड या पेड़ पर कांवड़ को रखते हैं, ताकि कांवड़ जमीन को स्पर्श न हो।



**सनातन धर्म में मंगला गौरी का व्रत माता पार्वती को समर्पित है। इस दिन विशेष रूप से दान-पुण्य करने का विधान है। आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि किन चीजों का दान करने से लाभ हो सकता है।**

# सावन के मंगला गौरी व्रत के दिन महिलाएं जरूर करें इन चीजों का दान, अखंड सौभाग्य का मिलेगा वरदान

हिंदू धर्म में सावन का महीना भगवान शिव के साथ-साथ माता पार्वती को समर्पित होता है। इस पवित्र महीने के दौरान पड़ने वाले हर मंगलवार को मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। यह व्रत विशेष रूप से सुहागिन स्त्रियों द्वारा अपने पति की लंबी आयु, अखंड सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए किया जाता है।
कुंवारी कन्याएं भी मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती हैं। अब ऐसे में जो महिलाएं इस दिन दान-पुण्य कर रही हैं, उन्हें किन चीजों का दान करने से लाभ हो सकता है।

## करें हरी चूड़ियों का दान

मंगला गौरी व्रत विशेष रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए रखा जाता है। चूड़ियां सुहाग का प्रतीक होती हैं और इनका दान करने से माता पार्वती प्रसन्न होती हैं, जिससे सुहागिनों को सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मिलता है। माना जाता है कि मंगला गौरी व्रत के दिन सुहागिन महिला को चूड़ियों का दान करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम, शांति और मधुरता आती है।
पति-पत्नी के बीच के कलेश दूर होते हैं और संबंध मजबूत होते हैं। जिन लोगों की कुंडली में मंगल दोष होता है, उनके लिए भी मंगला गौरी व्रत और इस दिन सुहाग की वस्तुओं, विशेषकर चूड़ियों का दान करना बहुत लाभकारी माना जाता है। इससे मंगल दोष के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं।

## काजल का दान

ज्योतिष शास्त्र में काजल को बुरी नज़र से बचाने वाला और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखने वाला माना गया है। मंगला गौरी व्रत के दिन काजल का दान करने से वैवाहिक जीवन को लगी बुरी नजर उतर जाती है और दांपत्य जीवन में नकारात्मकता भी नष्ट होने लगती है। मंगला गौरी व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए रखा जाता है।

## मसूर की दाल का दान

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, मंगल गौरी व्रत मंगल ग्रह से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए रखा जाता है। मसूर की दाल का संबंध मंगल ग्रह से होता है, और इसे दान करने से कुंडली में मंगल की स्थिति मजबूत होती है, जिससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं। जिन लोगों की कुंडली में मंगल दोष होता है, उनके विवाह में बाधाएं आती हैं या वैवाहिक जीवन में परेशानियां रहती हैं।
मंगला गौरी व्रत के दिन मसूर की दाल का दान करने से इस दोष का प्रभाव कम होता है और वैवाहिक जीवन सुखमय बनता है।

# कागज दिखाने पड़ेंगे, कर लीजिए तैयारी

## ● एसआईआर शुरू करने का प्लान बना रहा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव से पहले जिस तरह बिहार में वोटर लिस्ट का वेरिफिकेशन किया जा रहा है, ठीक इसी तरह का सत्यापन देशभर में करने की तैयारी चल रही है। चुनाव आयोग पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (स्ढ्ढक्र) करने का प्लान बना रहा है। ये काम अगले महीने (अगस्त) से शुरू हो सकता है। राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों (ष्टश्वह्र) को स्ढ्ढक्र के लिए तैयार रहने को कहा गया है। कई ष्टश्वह्र ने अपनी वेबसाइट पर पिछली बार हुए रिवीजन की मतदाता सूची डालना भी शुरू कर दिया है। इससे मतदाता अपना नाम आसानी से देख सकेंगे। चुनाव आयोग ने बूथ लेवल पर अधिकारियों की भर्ती और ट्रेनिंग भी शुरू कर

### ● बिहार के बाद अगले महीने से देशभर में चलेगा अभियान

दी है। इससे पहले श्वष्टढ्ढ ने 24 जून को बिहार में स्ढ्ढक्रकी घोषणा की थी। श्वष्टढ्ढ का कहना है कि वह मतदाता सूची की प्रामाणिकता बनाए रखना चाहती है। लगभग 30 साल बाद पूरे देश में मतदाता सूची का रिवीजन होगा। इस मुद्दे पर




नागरिकता और दस्तावेजों को लेकर बहस भी चल रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट में है और 28 जुलाई को इस पर सुनवाई है। राज्यों के ष्टश्वह्र ने वेबसाइट पर मतदाता सूची डालनी शुरू कर दी है। दिल्ली के ष्टश्वह्र की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है। उत्तराखंड ने 2006 की और हरियाणा ष्टश्वह्र ने 2002 की मतदाता सूची डाली है। पंजाब ष्टश्वह्र ने 2006 की फाइनल मतदाता सूची डाली है। बिहार में 2003 की सूची को आधार बनाया जा रहा है। ज्यादातर राज्यों में 2002-2004 के बीच मतदाता सूची का रिवीजन हुआ था। एक अधिकारी के मुताबिक जल्द ही स्ढ्ढक्र की शुरुआत हो सकती है। बिहार में चल रहे स्ढ्ढक्र को देखते हुए, पिछले रिवीजन की मतदाता सूची डालना अच्छा है। इससे लोग आसानी से अपना नाम देख पाएंगे। इसके अलावा राज्यों में सीईओ खुद बूथ लेवल पर अधिकारियों की भर्ती कर उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसमें पहले से प्रिटेंड फॉर्म होगा।

यह फॉर्म मतदाताओं को 1987 से पहले, 2004 तक और 2004 के बाद पैदा हुए लोगों में बांटा जाएगा। जन्म, नागरिकता और निवास के प्रूफ के लिए 11 दस्तावेज इस्तेमाल होंगे।

## जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की तैयारी शुरू

### ● लोकसभा में प्रस्ताव आएगा, सांसदों के साइन कराए जा रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि



प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।

# एमपी-यूपी में 'आफत' बनकर बरस रहे बदरा

### यूपी के कानपुर में रेलवे ट्रैक धंसा, कालिंदी एक्सप्रेस रोकी गई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश हो रही है। कानपुर में बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया है। इसके चलते कालिंदी एक्सप्रेस को रोका गया है। लखनऊ की सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है।



### ● एमपी के मंडला में भीषण बाढ़, अब तक 7 लोगों की हो गई मौत



मध्य प्रदेश में बारिश अब आफत बनकर बरस रही है। मंडला में बाढ़ से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को सिवनी, छतरपुर समेत 10 जिलों में बाढ़ जैसे हालात रहे। आज भी सभी जिलों में हल्की से तेज बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में भी इस बार मानसून जमकर बरस रहा है। शुक्रवार को बीकानेर, झुंझुनूं सहित 13 जिलों में 4 इंच तक बरसात हुई। धौलपुर में पार्वती नदी में डूबने से एक युव?क की मौत हो गई। श्रीमाधोपुर में दुकानों में पानी घुस गया। फलोदी में शहर के बीच पानी नदी की तरह बहने लगा। पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में लगातार तेज बारिश जारी है। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड में दबने से 57 साल की महिला की मौत हो गई। वहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड से 184 सड़कें बंद हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में 92 लोगों की मौत हो चुकी है। 33 लोग अभी भी लापता हैं। मौसम की विभाग ने चेतावनी जारी की है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तरी गुजरात में अगले 3 दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है।

## राम मंदिर पर फिल्म बनाएंगे गोवा के मंत्री मौविन गोडिन्हो

### ● अयोध्या द फाइनल आर्ग्यूमेंट में दिखेगा इतिहास,आस्था और कानूनी जंग

पणजी (एजेंसी)। सिनेमा के जरिए भारत के इतिहास को दिखाने की परंपरा लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में अब गोवा के कैथोलिक मंत्री



मौविन हेलियोडोरो गोडिन्हो भी एक फिल्म बनाने जा रहे हैं, जिसका नाम अयोध्या- द फाइनल आर्ग्युमेंट है। यह फिल्म अयोध्या में राम मंदिर को लेकर चले लंबे कानूनी संघर्ष पर आधारित है। इसमें दिखाया जाएगा कि यह विवाद कैसे शुरू हुआ और अंत में 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने क्या ऐतिहासिक फैसला सुनाया।

## अब आईआईएम कलकत्ता में रेप, आरोपी गिरफ्तार

### ● काउंसलिंग सेशन के बहाने बॉयज हॉस्टल बुलाया, नशीला ड्रिंक पिलाकर रेप किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (ढ्ढढ्ढरू) कलकत्ता में शनिवार को एक स्टूडेंट से बलात्कार का मामला सामने आया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर दोनों की जान-पहचान हुई थी। स्टूडेंट किसी निजी मामले में सलाह के लिए आरोपी से मिलने ढ्ढढ्ढरू आई थी। इसके बाद उसे बॉयज हॉस्टल ले जाया गया, जहां उससे रेप हुआ। घटना बिजनेस स्कूल के बॉयज हॉस्टल में शुक्रवार को हुई थी। आरोपी स्टूडेंट को शुक्रवार रात हिरासत में ले लिया गया था, आज गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित ने स्नढ्ढक्र में बताया है कि उसे काउंसलिंग सेशन के लिए हॉस्टल बुलाया गया। वहां उसने एक ड्रिंक पी, जिससे वह बेहोश हो गई। होश में आने पर पता चला कि उसके साथ बलात्कार हुआ है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी दो




मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात के बाद मुख्य आरोपी और उसके साथियों ने कॉलेज के गार्ड रूम में घंटों तक शराब पी। सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी को धमकाया कि इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताए।

# मैं थक गया हूं...

### बुमराह ने अचानक ऐसा क्यों बोल दिया?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के 5 बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया. इसके साथ ही उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया.उन्होंने लॉर्ड्स के मैदान में शानदार गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड के बल्लेबाजी लाइनअप को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया. हालांकि जसप्रीत बुमराह को विकेट लेने के बाद ज्यादा सेलिब्रेट करते हुए नहीं देखा गया. इसका खुलासा बुमराह ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद किया. उन्होंने कहा कि वो थक गए हैं. अब सवाल ये उठता है कि आखिरी बुमराह ने ऐसा क्यों कहा?

जसप्रीत बुमराह ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैंने इसलिए सेलिब्रेट नहीं किया क्योंकि मैं थक गया था. मैं 21 या 22 साल का नहीं हूं कि पूरे ग्राउंड पर उछलता रहूंगा. मैं सिर्फ अपने मार्क में वापस जाना चाहता था और फिर से गेंदबाजी करना चाहता था. लॉर्ड्स टेस्ट की पहली पारी में भारतीय तेज गेंदबाज ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को आउट किया. यही नहीं उन्होंने हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, क्रिस वोक्स और जोफ्रा आर्चर को भी वापस पवेलियन की राह दिखाई.



# जिंदगी का कोई भरोसा नही...

### जोटा की मौत से टूटे रोनाल्डो के फैन मोहम्मद सिराज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि लिवरपूल के फुटबॉलर डिओगो जोटा की कार दुर्घटना में मौत की खबर सुनकर वह काफी भावुक हो गए। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जैमी स्मिथ का विकेट लेने के बाद उनकी प्रतिक्रिया पुर्तगाली फारवर्ड के प्रति श्रद्धांजलि थी।स्मिथ को आउट करने के बाद सिराज ने अपनी उंगलियों से '20' (लिवरपूल में जोटा की जर्सी नंबर जिसे अब रिटायर कर दिया गया है) का अंक बनाया और फिर इस फुटबॉलर के सम्मान में दोनों हाथ आसमान की ओर उठाए, जिनकी तीन जुलाई को स्पेन के जमोरा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।



## पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक, प्रीति पाल भी शीर्ष पर रहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया और पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस टूर्नामेंट के प्रदर्शन से इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नई दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल का चयन निर्भर करेगा।हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## गिरने के कारण दौड़ पूरी नहीं कर पाए अविनाश साबले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर पाए। हालांकि, तेजी से उभरते धावक अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के एक आदिवासी गांव में जन्में कुजूर ने भारतीय पुरुष स्प्रिंटिंग में नई उम्मीद जगाई है। अब कुजूर की नजर सितंबर 2025 में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए 20.16 सेकंड के कठिन क्वालिफाइंग मार्क पर है। अनिमेष कुजूर ने 100 मीटर स्पर्धा में 10 सेकंड की बाधा को तोड़ने का संकल्प लिया है। ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अविनाश साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष 5 में जगह बनाने की उम्मीद थी, लेकिन शुक्रवार 11 जुलाई की रात वह दौड़ की शुरुआत में ही ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन अविनाश साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अब तक ज्ञात नहीं है। यह 30 वर्षीय खिलाड़ी सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुका है, लेकिन इस वर्ष वह अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# भारत-इंग्लैंड सीरीज में ड्यूक्स बॉल पर क्यों हो रहा विवाद!




**लंदन, एजेंसी।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा है. फिलहाल 10 जुलाई से लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट मैच जारी है. 5 मैचों की सीरीज में ड्यूक बॉल का इस्तेमाल हो रहा है. लेकिन खिलाड़ी इसकी क्वालिटी से खुश नहीं दिख रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन भारत को दो बार बॉल बदलनी पड़ी. खिलाड़ी बॉल की क्वालिटी से खुश नहीं थे. ड्यूक्स कंपनी की शुरुआत 1760 में ड्यूक्स परिवार ने की थी. अब इस कंपनी के मालिक भारतीय बिजनेसमैन दिलीप जाजोदिया हैं, जिन्होंने इसे 1987 में खरीदा था. अब इस पूरे मसले पर दिलीप जाजोदिया ने सफाई दी है. उन्होंने खिलाड़ियों से धैर्य रखने को कहा है. खास बात यह है कि यह गेंद मेरठ से यूके आती है, फिर इंग्लैंड में उनका फाइनल टच दिया जाता है. उन्होंने बातचीत में कहा कि उनकी कंपनी, जिसकी शुरुआत 18वीं सदी में हुई थी. यूके के असामान्य रूप से गर्म मौसम और आज के दौर की क्रिकेट की मांगों को ध्यान में रखते हुए बॉल में सुधार करने के लिए तैयार है. जहां बल्लेबाज भारी बल्लों से बॉल पर जोरदार प्रहार कर रहे हैं. लॉर्ड्स टेस्ट के दूसरे दिन की सुबह के सेशन में ड्यूक्स बॉल दो बार बदली गई. 10 ओवर पुरानी बॉल बदली जाने के बाद भी भारतीय खिलाड़ी काफी नाखुश थे, जिसके चलते कुछ ही मिनटों में दोबारा बॉल बदलनी पड़ी. जाजोदिया ने कहा- दुनिया में सिर्फ तीन मान्यता प्राप्त क्रिकेट बॉल निर्माता हैं (ड्यूक्स, स्त्र और कूकाबुरा). क्रिकेट बॉल बनाना आसान नहीं है. अगर यह आसान होता, तो दुनिया भर में सैकड़ों निर्माता होते. जाजोदिया ने कहा- इसलिए मुझे लगता है कि खिलाड़ियों को यह समझना होगा कि हम चुपचाप बैठे नहीं रह सकते, हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं, और अगर कोई समस्या है, तो इसका रिव्यू होगा. हम देखेंगे कि समस्या कहां है, चाहे वह चमड़े में कोई खराबी हो या किसी और चीज में, हम इसकी जांच करेंगे. मैं पैर ऊपर करके सिगार पीने नहीं जा रहा हूं. वह आगे बोले- सुपरस्टार बहस कर सकते हैं, वे पैसे देने वाले हैं, मुझे वही बनाना है जो वे चाहते हैं, मैं बस इतना ही कह सकता हूं. और लोगों को सावधान रहना चाहिए कि जब वे आलोचना करें, तो सिर्फ मेरी या मेरी गेंद की आलोचना न करें.

# एशिया कप और जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारत में पाकिस्तान के आने की संभावना कम

**मुंबई,।** भारत में एशिया कप हॉकी और जूनियर हॉकी विश्व कप का आयोजन होना है। भारत सरकार की तरफ से पाकिस्तानी टीम को आने को लेकर सकारात्मक रुख रखा गया है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इन आयोजनों के लिए अपनी सीनियर और जूनियर टीम को भारत नहीं भेजने का विचार कर रही है। पाकिस्तान को 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में भाग लेना है, जिसके लिए पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने सरकार से मंजूरी मांगी है। पाकिस्तान को इस साल नवंबर-दिसंबर में चेन्नई में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में भी भाग लेना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट को बताया, दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए शहजाद शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार द्वारा राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत आने की अनुमति देने की कोई संभावना नहीं है। सूत्रों ने कहा कि गठबंधन सरकार के सदस्यों का मानना है कि दोनों पड़ोसियों के बीच सशस्त्र संघर्ष के बाद टीम भेजना सुरक्षित नहीं होगा। दरअसल, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, दोनों देशों के बीच संघर्ष हुआ था। सूत्रों ने बताया कि सरकार से स्पष्ट नहीं सुनने के बाद पाकिस्तान हॉकी महासंघ एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) से मांग करेगा कि वे इन प्रतियोगिताओं को मलेशिया या ओमान जैसे किसी तटस्थ स्थान पर स्थानांतरित करें। पीएचएफ सूत्रों ने कहा, पीएचएफ इन आयोजनों को भारत से बाहर कराने की कोशिश करेगा, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है, क्योंकि मलेशिया और ओमान के पास इन आयोजनों के लिए बोली लगाने के लिए जरूरी धनराशि नहीं है, जो लगभग एक लाख डॉलर है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने पिछली बार 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत का दौरा किया था, जहां वह छह टीमों में पांचवें स्थान पर रही थी।




# सावन में दिख जाएं ये सपने तो समझ लीजिए आने वाला हैं आपके अच्छे दिन

**हिंदू धर्म में सावन के महीने का खास महत्व होता है। इस दौरान भगवान शिव की पूजा करना अत्यंत फलदायी माना जाता है। अगर इस शुभ माह में आपको सपने के दौरान कुछ खास चीजें दिख जाएं, तो यह कई प्रकार के संकेत देता है। आज हम आपको कुछ ऐसे स्वप्न के बारे में बताएंगे जिनका सावन में दिखना गुड लक का संकेत माना जाता है।सावन का महीना बेहद खास होता है। यह पूरा माह भगवान शिव को समर्पित होता है। ऐसे में शिव भक्त इस दौरान शिवजी और माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करते हैं। इस महीने के दौरान सोमवार के व्रत, कांवड़ यात्रा और सावन शिवरात्रि भी पड़ती है, जो अत्यंत फलदायी होती है। जो भक्त श्रद्धा पूर्वक सावन के नियमों का ख्याल रखते हैं, व्रत करते हैं और भगवान शिव पूजा करते हैं उन पर हमेशा शिवजी की कृपा बनी रहती है। वहीं, इस महीने में सपनों में कुछ खास चीजों का दिखना बेवजह नहीं होता है। ये हमें कई प्रकार के संकेत देते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि सावन के दौरान किन चीजों का सपने में आना गुड लक माना जाता है।**

## नाग देवता को इस तरह देखना होता है बेहद शुभ

हम रात में सोते वक्त कई प्रकार के सपने देखते हैं। लेकिन अगर सावन के महीने में आपको स्वप्न में नाग देवता दिखाई देते हैं, तो यह कोई आम स्वप्न नहीं होता है। नाग का दिखना हमें कई प्रकार के संकेत देता है। मान्यता है कि अगर किसी व्यक्ति को सपने में नाग देवता फन उठाए दिख जाएं, तो यह बहुत शुभ संकेत होता है। इसका अर्थ है कि आपको जल्द ही कोई सुख समाचार मिल सकता है। साथ ही, इसे संपत्ति से जुड़े लाभ का संकेत भी माना जाता है। ऐसे में अगले दिन सुबह जल्दी उठकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करनी चाहिए और जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करनी चाहिए। सपने में नाग का दिखना आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने का संकेत भी हो सकता है।

## खुद को पवित्र नदी में स्नान करते हुए देखना

सावन के महीने में अगर आप सपने में खुद को किसी पवित्र नदी में स्नान करते हुए देखते हैं, तो इसे भी बहुत शुभ स्वप्न माना जाता है। इसका अर्थ होता है कि आपके जीवन में खुशियां दस्तक देने वाली हैं। साथ ही, घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। सावन के महीने में सपने में खुद को गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान करते देखना पापों से मुक्ति मिलने का संकेत भी हो सकता है। साथ ही, इससे आपको जीवन की समस्याओं से भी निजात मिल सकती है। इस प्रकार का सपना जीवन में एक नई शुरुआत का संकेत भी हो सकता है। ऐसे में सावन के दौरान भगवान शिव की श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना करनी चाहिए और सात्विक भोजन करना चाहिए।

## सपने में रुद्राक्ष देखना

अगर आपको सावन के महीने में या शिवरात्रि से कुछ समय पहले सपने में रुद्राक्ष नजर आता है, तो इसे आम समझने की भूल न करें। मान्यता है कि रुद्राक्ष का संबंध भगवान शिव से होता है। ऐसे में सपने में इसे देखना इस बात का संकेत हो सकता है कि शिवजी की विशेष कृपा आप पर बनी हुई है। इस सपने का अर्थ होता है कि अगर आपके जीवन में कोई समस्या चल रही थी, तो अब जल्द ही उससे निजात मिलने वाली है और आपके बिगड़े काम बनने लगेंगे। मान्यता है कि ऐसा सपना मान-सम्मान में वृद्धि और धन लाभ का संकेत भी देता है।

## सपने में शिवलिंग के पास सांप देखना

सावन के महीने में शिवजी की पूजा करने का खास महत्व होता हैं। वहीं, इस दौरान अगर सपने में आपको शिवलिंग के पास सांप नजर आ जाए, तो इसे बेहद शुभ संकेत माना जाता है। इसका अर्थ होता है कि आपका अच्छा भाग्य शुरू होने वाला है और आपको जीवन के दुखों से भी निजात मिल सकती है। ऐसा सपना देखने का मतलब होता है कि आपके जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और करियर में सफलता हासिल हो सकती है। इस स्वप्न का अर्थ यह भी माना जाता है कि भगवान शिव की कृपा आप पर बनी हुई है और आपकी कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है।



# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने डेली रूटीन में कोई बदलाव न करें, क्योंकि परिवार में संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद की स्थिति खड़ी हो सकती है। पिताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आपको भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे।




**वृषभ** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। पार्टनरशिप में आप कोई काम ना करें। आप अपने कामों को तेजी से निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपका निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आप अपने घर के कामों में भी कोई बदलाव कर सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मेहनत और लगन से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देना होगा। आप किसी वाद-विवाद में ना पड़ें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आर्थिक मामलों में आपको पूरी समझदारी दिखानी होगी। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें, जो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्य से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा, लेकिन आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होगा। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय से बाद में आपको पछतावा हो सकता है। आपकी बिजनेस में भी कोई अटकी हुई डील फाइनल होगी, जो आपको थोड़ी टेंशन दे सकती है और किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा। आपको अपने कामों को लेकर पूरी जिम्मेदारी से काम करना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए कुछ धन का इंतजाम भी कर सकते हैं।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। कारोबार को लेकर आपको किसी यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। जीवनसाथी से उनकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी।




**तुला** आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आपको अपने परिजनों पर भरोसा थोड़ा सोच समझकर करना होगा। कार्यक्षेत्र में आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर चलना होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप अपने जीवन स्तर को सुधारने की कोशिश में लगे रहेंगे। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आप तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है।




**धनु** आज का दिन आपके लिए किसी वाद-विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा और आप परिवार में किसी सदस्य पर कोई जिम्मेदारी ना डालें। आपको अपने कामों को लेकर सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है। छोटों की गलतियों को आपको बड़प्पन दिखाते हुए माफ करना होगा। आप अपने आवश्यक कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। करीबियों को आपको पूरा साथ मिलेगा।




**मकर** आज का दिन आपके लिए सूझबूझ से काम करने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आपकी कला और कौशल में सुधार आएगा। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। धन को लेकर यदि आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। आप छुटपुट लाभ के अवसरों को भी हाथ से जाने ना दें। आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी।





**कुंभ** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी वाणी के आकर्षण से लोग आपकी तरफ आकर्षित होंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को इसका अच्छा फायदा मिलेगा। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी और माताजी से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। वरिष्ठ सदस्यों से आपकी खूब पटेगी। बिजनेस में आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।




**मीन** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा और आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। आप किसी धार्मिक का आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। यदि आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा।


G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :-
Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034


Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259

LIVE IN LAP OF LUXURY

RAMDEVI TOWER
MAHARERA- P51700076849
1BHK & 2BHK & COMMERCIAL SHOPS AVAILABLE
Contact:
7770003478
7770003479
Gmail: ramdevitower2024@gmail.com
SITE ADDRESS :
B. K No- 1150,
ROOM NO. 3,4,5,6
POWAI CHOWK,
ULHASNAGAR - 421003.
DIST- THANE



प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
RNI No. 68359/93,
( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )
दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।



Makhija Construction
25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
+ Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
+ Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555



# धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण मांगने वालों की खैर नहीं- मुख्यमंत्री फडणवीस

## जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ बनेगा सख्त कानून

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन कर धर्म परिवर्तन करने और आरक्षण का लाभ लेने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सदस्य गोपीचंद पडलकर ने जबरन धर्म परिवर्तन के मुद्दे पर एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सदन में लाया था. इस पर मुख्यमंत्री बोल रहे थे। विधायक जितेंद्र आव्हाड ने भी चर्चा में भाग लिया। बलपूर्वक या लालच देकर धर्म परिवर्तन को अपराध बताते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ एक सख्त कानून बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिस धर्म में आरक्षण का लाभ लिया जाता है, उसी धर्म में रहने पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हुए इस संबंध में कार्रवाई करेगी। कुछ मामलों में आरक्षण के लाभ का दुरुपयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि ऐसा पाया गया है कि ऐसे मामलों में सरकार सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करेगी। सांगली जिले में जबरन धर्मांतरण मामले में संबंधित धार्मिक नेता को अग्रिम ज़मानत दे दी गई है। इस संबंध में एक अपील दायर की गई है और मामला दर्ज करने में देरी के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी पूछताछ की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि पुणे जिले में धर्मांतरण मामलों में विशेष जाँच समिति की रिपोर्ट एक महीने के भीतर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नवी मुंबई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सितंबर के अंत तक पहली उड़ान- मुख्यमंत्री





नवी मुंबई (सनी पांडेय)। "नवीमुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का कार्य अब अपने अंतिम चरण में है औ यहां से सितंबर माह के अंत से उड़ानें शुरू किये जाने की तैयारी है।" राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने यह जानकारी दी. मुख्यमंत्री शनिवार सुबह नवी मुंबई हवाई अड्डा परियोजना के कार्यों का जायजा लेने यहां आये हुए थे. इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, वनमंत्री गणेश नाईक, विधायक प्रशांत ठाकुर, मंदा म्हात्रे, महेश बाल्दी, सिडको के प्रबंध निदेशक विजय सिंघल, संयुक्त प्रबंध निदेशक शांतनु गोयल, गणेश देशमुख, डॉ. राजा दयानिधि समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे. हवाई अड्डे के कार्यों का निरीक्षण करने और अधिकारियों से जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि सितंबर के अंत तक इस हवाई अड्डे से पहली उड़ान भरेगी।

### हवाई अड्डे का 94 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ

हवाई अड्डे के पहले चरण का कार्य 94% पूरा हो चुका है. प्रतिदिन 13,000 कर्मचारी दिन-रात काम कर रहे हैं. बावजूद इसके अडानी समूह और सिडको मंडल दोगुनी संख्या में कमर्चारी लगाकर अगले 80 दिनों में हवाई अड्डे का काम पूरा करें, ऐसे निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये. मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे का पहला चरण पूरा होने के बाद, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे और हवाई अड्डे के उद्घाटन के लिए उनका समय लेंगे. उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे का काम पूरा होने के बाद भी हवाई अड्डे के संचालन और उड़ानों से संबंधित विभिन्न अनुमतियाँ प्राप्त करनी होंगी. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस हवाई अड्डा परियोजना का इंटीरियर कार्य अंतिम चरण में है. उन्होंने बताया कि नवी मुंबई हवाई अड्डे पर यात्रियों के बैग को विमान तक पहुँचाने की व्यवस्था दुनिया के सभी हवाई अड्डों की तुलना में सबसे तेज, सुरक्षित और स्वचालित होगी. हवाई अड्डा परियोजना में बोर्डिंग पास व्यवस्था पूरी हो जाने पर हवाई अड्डा प्रबंधन ने मुख्यमंत्री और गणमान्य अतिथियों को हवाई अड्डे का बोर्डिंग पास एक रंगारंग प्रदर्शन के रूप में निकालकर दिखाया।

### 2027 तक दूसरा रनवे होगा तैयार

नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे की परियोजना में दो रनवे बनाने की योजना थी. पहला रनवे जो 3700 मीटर लंबा बनकर तैयार हो चुका है. इस पहले रनवे के विभिन्न परीक्षण और निरीक्षण हो चुके हैं और इस पर विमानों की सफल लैंडिंग और टेकऑफ भी हो चुका है. दूसरे रनवे का काम कुछ हद तक प्रगति पर है. सिडको बोर्ड और अडानी समूह ने 2027 तक दूसरे रनवे का काम पूरा करने के लिए कमर कस ली है. दोनों रनवे पूरा होने के बाद ही तीसरे रनवे का कार्य अंतिम चरण में किये जाने की जानकारी मुख्यमंत्री ने दी।

# महाराष्ट्र में 14 जुलाई को सभी परमिट रूम और बार बंद!

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में सभी परमिट रूम और बार सोमवार, 14 जुलाई को बंद रहेंगे। ये परमिट रूम और बार भारतीय होटल और रेस्तरां एसोसिएशन (आहार) द्वारा आहूत राज्यव्यापी बंद के तहत बंद रहेंगे। दरअसल होटल उद्योग पर हाल ही में लगाए गए भारी कर वृद्धि के विरोध में हड़ताल की घोषणा की गई है। इंडियन होटल्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (आहार एसोसिएशन) ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने सोमवार को महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया। इस पोस्ट में उन्होंने अपने क्षेत्र के समक्ष वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला है। जिसमें विशेष रूप से हाल के दिनों में की गई अनेक वृद्धियों के कारण उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों पर प्रकाश डाला गया है।

विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि शराब पर मूल्य वर्धित कर (वैट) दोगुना कर दिया गया है, लाइसेंस शुल्क में 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है तथा उत्पाद शुल्क में 60 प्रतिशत की भारी वृद्धि की गई है। पोस्ट में उन्होंने आगे कहा कि अचानक और व्यापक बदलाव से छोटे और मध्यम आकार के प्रतिष्ठानों पर दबाव पड़ रहा है। इनमें से कई प्रतिष्ठान पहले से ही अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हड़ताल का उद्देश्य कर नीतियों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें संभावित नौकरी छूटना और दीर्घकालिक व्यापार बंद होना शामिल है। आहार इस हड़ताल का नेतृत्व कर रहा है, जिसका उद्देश्य सरकार से अधिक निष्पक्ष कर संरचना लागू करने तथा आतिथ्य क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित करने का आह्वान करना है। उन्होंने सभी हितधारकों से हड़ताल में शामिल होने और बदलाव की मांग के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है। आहार के अध्यक्ष सुधाकर शेट्टी कहते हैं कि 'महाराष्ट्र का पूरा आतिथ्य क्षेत्र मुश्किल में है। हमारी माँगें सुनने के बावजूद कुछ नहीं हुआ। राज्य के सभी बार और परमिट रूम 14 जुलाई को विरोध स्वरूप बंद रहेंगे। राज्य सरकार के कड़े कराधान के विरोध में पूरे महाराष्ट्र में बार बंद रखने का निर्णय लिया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'हमने धैर्य दिखाया है, इंतजार किया है और अपील की है। अब हमें इस बंद के जरिए अपनी बात रखनी है।'

# शिवराया किले यूनेस्को सूची में शामिल नवी मुंबई भाजपा ने मनाया जश्न




नवी मुंबई (नि.सं.)। छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है. इनमें रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, पन्हाला, शिवनेरी, लोहगढ़, साल्हेर, सिंधुदुर्ग, विजयदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, खांदेरी, जिंजी इन 12 किलों का समावेश हैं. इस अवसर पर भाजपा नवी मुंबई जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश पाटिल की उपस्थिति में वाशी स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की जय जयकार कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया गया. इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, प्रकोष्ठ और भाजपा पदाधिकारी समेत कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भाजपा नेताओं के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज ने महाराष्ट्र में कई ऐतिहासिक किले बनाए और उन किलों का समावेश यूनेस्को की सूची में किये जाना महाराष्ट्र ही नहीं पूरे भारत देश के लिए गर्व की बात है. इसी उपलक्ष्य में भाजपा और नवी मुंबई जिले की ओर से शिवाजी के चरणों में आए हैं. सैकड़ों साल पहले बने किलों ने देश को प्रशासन चलाना सिखाया है. यह गर्व और सम्मान की बात है कि हमारे इन किलों को यूनेस्को की सूची में दर्ज किया गया है. इसके लिए हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का अभिनंदन करते हैं. छत्रपति शिवाजी महाराज के ये ऐतिहासिक किले पूरे देशवासियों का सम्मान हैं।

# महाराष्ट्र में पशुपालन व्यवसाय को कृषि व्यवसाय का दर्जा मिला

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पशुपालन को 'कृषि व्यवसाय' का दर्जा दिया है। पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे ने विधानसभा में एक निवेदन में बताया कि यह निर्णय राज्य में पशुपालन व्यवसाय के लिए बड़ी राहत है और ऐसा निर्णय लेने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए यह क्रांतिकारी निर्णय लिया गया है। इस निर्णय से राज्य के लगभग 76.41 लाख पशुपालक परिवारों को लाभ मिलेगा।

पशुपालन मंत्री पंकजा मुंडे ने कहा कि इस निर्णय से पशु उत्पादन से लगभग 7,700 करोड़ रुपये की वृद्धि होने की उम्मीद है। इस निर्णय के अनुसार, राज्य में बिजली दरें कृषि श्रेणी के अनुसार लगाई जाएंगी, न कि अन्य कृषि श्रेणी के अनुसार। ग्राम पंचायत कर की दर में एकरूपता लाने के लिए, कर की दर उसी दर से लगाई जाएगी जिस दर से कृषि व्यवसायों पर कर लगाया जाता है। मंत्री श्रीमती मुंडे ने कहा कि पशुपालन व्यवसाय के लिए आवश्यक कार्यशील पूंजी तथा अन्य प्रयोजनों के लिए लिए गए ऋण पर पंजाबराव देशमुख ब्याज अनुदान योजना की तर्ज पर 4 प्रतिशत तक ब्याज दर में रियायत दी जाएगी तथा इसके लिए स्पष्ट दिशानिर्देश और प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी। इसी प्रकार, कृषि की तरह मुर्गीपालन और अन्य पशुपालन व्यवसायों के लिए सौर पंप और अन्य सौर सेट स्थापित करने के लिए रियायतें प्रदान की जाएंगी।

राज्य की सकल आय में कृषि क्षेत्र का हिस्सा 12 प्रतिशत है। पशुधन से होने वाली आय कृषि क्षेत्र की कुल आय का 24 प्रतिशत है। राज्य में पशु उत्पादन को देखते हुए, भारतीय स्वास्थ्य परिषद द्वारा अनुशंसित अंडे और मांस की दैनिक खपत उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, राज्य की पशुधन उत्पादन क्षमता दूध उत्पादन में अन्य राज्यों की तुलना में कम है। इसके अलावा पशुपालन मंत्री श्रीमती मुंडे ने यह भी कहा कि नीति आयोग की 2021 की रिपोर्ट में पशुपालन क्षेत्र में नियोजित और वैज्ञानिक प्रबंधन की उपेक्षा को उजागर किया गया है और किसानों/पशुपालकों के वित्तीय जोखिमों को कम करने के उपायों की सिफारिश की गई है।

# रोहित पवार के खिलाफ ईडी की कार्रवाई

## महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाला मामले में पूरक आरोपपत्र दायर



मुंबई (नि.स.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) घोटाले में शरद पवार गुट के विधायक रोहित पवार और कुछ अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दायर किया है। यह आरोपपत्र धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत मुंबई की एक विशेष अदालत में दायर किया गया है। सूत्रों के अनुसार, अदालत ने अभी तक आरोपपत्र पर संज्ञान नहीं लिया है। ज्ञात हो कि आरोपपत्र दाखिल होने से पहले ईडी ने रोहित पवार की बारामती एग्रो कंपनी की 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली थी। जनवरी 2023 में ईडी ने रोहित पवार के बारामती एग्रो परिसर समेत कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद कर्जत-जामखेड से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक रोहित पवार को पूछताछ के लिए ईडी के मुंबई कार्यालय में बुलाया गया। मार्च 2023 में, ईडी ने बारामती एग्रो की 50.20 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली। इसमें औरंगाबाद स्थित कन्नड़ में 161.30 एकड़ जमीन, एक चीनी कारखाना, मशीनरी और भवन शामिल थे।

ईडी का दावा है कि ये संपत्तियां मूल रूप से कन्नड़ सहकारी साखर कारखाना लिमिटेड (कन्नड़ एसएसके) की थीं, जिन्हें बारामती एग्रो ने फर्जी नीलामी प्रक्रिया के जरिए खरीदा था। ईडी के अनुसार, यह संपत्ति अपराध से मिली आय मानी जाती है और यह मनी लॉन्ड्रिंग अधिनियम का उल्लंघन है। ईडी की यह जांच अगस्त 2019 में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) मुंबई द्वारा दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है। एफआईआर में आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत कई आरोप शामिल थे। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि एमएससीबी के अधिकारियों और निदेशकों ने कई सहकारी चीनी मिलों (एसएसके) को अवैध रूप से अपने रिश्तेदारों और करीबी निजी कंपनियों को बेहद कम कीमतों पर बेच दिया था। यह बिक्री पारदर्शिता और उचित प्रक्रिया के बिना की गई। एमएससीबी ने 80.56 करोड़ रुपये के बकाया ऋण की वसूली के लिए 2009 में कन्नड़ एसएसके की संपत्ति पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद, बैंक ने संदिग्ध मूल्यांकन के आधार पर कम आरक्षित मूल्य पर नीलामी प्रक्रिया शुरू की। ईडी का आरोप है कि यह नीलामी भी घोटालों से भरी हुई थी। जबकि सबसे ऊंची बोली लगाने वाले को कमजोर आधार पर अयोग्य घोषित कर दिया गया, बारामती एग्रो के करीबी एक व्यक्ति, जिसकी वित्तीय क्षमता और अनुभव संदिग्ध थे, को नीलामी में बरकरार रखा गया। ईडी के अनुसार, इस मामले में अब तक तीन अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए गए हैं, जिसके तहत 121.47 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। ईडी को अब इन जब्तियों की अंतिम पुष्टि मिल गई है और उसने अदालत में एक पूरक आरोपपत्र दायर किया है। यह मामला अब विशेष पीएमएलए अदालत में लंबित है और ईडी का कहना है कि जांच अभी भी जारी है। आगामी सुनवाई में अदालत इस आरोपपत्र पर संज्ञान ले सकती है।

# आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा- मंत्री उदय सामंत



मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में आवारा कुत्तों द्वारा नागरिकों को काटने की दर बहुत अधिक है। ऐसे कुत्तों की नसबंदी और रेबीज के खिलाफ उनके टीकाकरण के संबंध में केंद्र सरकार के दिशानिर्देश हैं। मंत्री उदय सामंत ने विधान परिषद में कहा कि इन निर्देशों के दायरे में कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए राज्य में विशेष अभियान लागू करने का सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा तथा इसके लिए विशेष धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

दरअसल इस मुद्दे पर सदस्य अमित गोरखे ने सदन में संक्षिप्त चर्चा की थी। इस पर मंत्री उदय सामंत ने कहा कि 2022 में पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्रों में 16,569 कुत्तों ने नागरिकों को काटा। जबकि 2023 में 22,945 कुत्तों ने नागरिकों को काटा और 2024 में 25,899 कुत्तों ने नागरिकों को काटा। 2022-23 में पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्र में 1,421 कुत्तों की नसबंदी की गई। 2023-24 में 3,598 आवारा कुत्तों की नसबंदी की गई और 2024-25 में 3,346 की नसबंदी की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में पुणे नगर निगम क्षेत्र में 9,663 कुत्तों की नसबंदी की गई। उन्होंने बताया कि 2023-24 में 26,000 और 2024-25 में 56,511 आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाएगी। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आवारा कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें उसी स्थान पर वापस भेजना होगा, जहां से उन्हें ले जाया गया था। इसके लिए स्थानीय स्वशासन निकाय अपने स्तर पर निविदाएं जारी कर उपाय करते हैं। चूंकि यह समस्या राज्य में व्यापक है, इसलिए राज्य सरकार के स्तर पर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा और इसके लिए धन उपलब्ध कराया जा सकता है। मंत्री उदय सामंत ने यह भी कहा कि मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में पालतू कुत्तों के लिए अनुमति लेने का नियम है तथा पूरे राज्य में इसी तरह का नियम लागू करने पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। सामंत ने इस संबंध में हुई चर्चा के जवाब में कहा।

# अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया कुब्बावाला मुस्तफा आखिरकार यूएई से गिरफ्तार

मुंबई (नि.स.)। काफी समय से दुबई में छिपा अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर मुस्तफा कुब्बावाला आखिरकार पकड़ा गया। खबर है कि मुंबई क्राइम ब्रांच सीबीआई की मदद से कुब्बावाला को गिरफ्तार कर मुंबई लाई है। बताया जा रहा है कि दुबई स्थित ड्रग तस्कर कुब्बावाला मुस्तफा को इंटरपोल की मदद से दुबई में गिरफ्तार किया गया। कुब्बावा महाराष्ट्र के सांगली ड्रग फैक्ट्री मामले में मुख्य आरोपी था। पुलिस ने 27 जनवरी 2025 को सांगली के कार्वे एमआईडीसी में छापा मारा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां एमडी ड्रग्स का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद एक विशेष टीम ने एमआईडीसी क्षेत्र में जाल बिछाया। उस समय, संदिग्ध बलराज कातारी को अपनी कार में ड्रग्स लेकर फैक्ट्री से बाहर निकलते समय रंगे हाथों पकड़ा गया था। जब्त किये गये एमडी का अंतरराष्ट्रीय बाजार मूल्य 30 करोड़ रुपये था। कुब्बावाला विदेश में बैठकर इस पूरे ड्रग तस्करी रैकेट को चला रहा था। मुंबई अपराध शाखा के उपायुक्त राज तिलक रोशन ने शुक्रवार को मुंबई पुलिस आयुक्तालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कुब्बावाला की गिरफ्तारी की जानकारी दी। 11 जुलाई को कुब्बावाला मुस्तफा को गिरफ्तार कर मुंबई लाया गया।

# निरीक्षण के बाद वोटिंग मशीनें तैयार रखें राज्य चुनाव आयुक्त ने दिया आदेश


मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव की तैयारी में राज्य चुनाव आयोग जुटा है। इस बीच खबर है कि चुनाव आयुक्त दिनेश वाघमारे ने निर्देश दिया है कि आगामी नगर निगम चुनावों के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का निरीक्षण किया जाए तथा उन्हें मतदान के लिए तैयार किया जाए। आगामी नगर निगम चुनाव की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर दो दिन पहले विभागीय आयुक्त और नगर निगम आयुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक हुई। इस समय वह बोल रहे थे। इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव सुरेश काकानी और आयोग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

श्री वाघमारे ने कहा कि राज्य के सभी 29 नगर निगमों के चुनाव की तैयारियों को लेकर अभी से सतर्क रहने की जरूरत है। इससे सही समय पर जल्दबाजी से बचा जा सकता है। अपने स्तर पर मतदाताओं, मतदान केन्द्रों, उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और उपलब्ध मानवशक्ति आदि की उपलब्धता को ध्यान में रखा जाना चाहिए। मतदान मशीनों के प्रारंभिक निरीक्षण के बाद आवश्यक संख्या का अनुमान लगाया जा सकता है। मानव संसाधन के संबंध में विभागीय आयुक्त को समन्वयक की भूमिका निभानी चाहिए तथा सभी महानगरपालिका आयुक्तों के साथ समय-समय पर इसकी समीक्षा करनी चाहिए। सभी हितधारकों के साथ समन्वय और योजनाबद्ध तैयारियों के साथ, हमारे लिए इन चुनावों को स्वतंत्र, निर्भीक और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराना आसान होगा।

श्री काकानी ने कहा कि मतदाताओं की संख्या को ध्यान में रखकर मतदान केन्द्रों की सही संख्या निर्धारित की जा सकती है। इसके आधार पर आगे की योजना बनाना आसान हो जाएगा। एक बार मतदान केन्द्र का सटीक अनुमान उपलब्ध हो जाने पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की आवश्यकता के संबंध में भी योजना बनाई जा सकती है। जनशक्ति का भी अनुमान लगाया जाएगा। विभागीय आयुक्त के साथ समन्वय करके आसपास के जिलों से जनशक्ति उपलब्ध कराई जा सकती है। समग्र तैयारी के संबंध में सभी विस्तृत एवं अद्यतन जानकारी तैयार की जानी चाहिए। इसकी समय-समय पर समीक्षा की जाएगी। यह जानकारी उसी समय प्रस्तुत की जानी चाहिए।

# डोंबिवली में रिक्षा चालक ने भरे सड़क के गड्ढे

## केडीएमसी प्रशासन को दिखाया आईना



डोंबिवली (अरविंद मिश्रा)। जहां एक ओर प्रशासनिक मशीनरी कागजों पर योजनाएं बनाकर वातानुकूलित कार्यालयों में आराम फरमा रही है, वहीं डोंबिवली के एक जिम्मेदार नागरिक ने गड्ढों से परेशान जनता की आवाज बनते हुए खुद फावड़ा उठाया और सड़क सुधारने की जिम्मेदारी निभाई। नवपाड़ा क्षेत्र के सुभाष रोड पर गड्ढों से परेशान रिक्षा चालक संतोष मिरकुटे ने अनोखी मिसाल पेश करते हुए खुद ही गड्ढे भरने का बीड़ा उठाया। बरसात के मौसम में सड़कें बदहाल हो चुकी हैं और रोजाना इन पर सफर करना रिक्षा चालकों और बाइक सवारों के लिए खतरे से खाली नहीं है।

संतोष मिरकुटे का कहना है कि, 'रोज इन्हीं रास्तों से हमें सवारी करनी होती है। गड्ढों की वजह से हमारी गाड़ियाँ टूटती हैं और यात्री भी परेशान होते हैं। कई बार मनपा को शिकायत की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इसलिए मैंने खुद ही यह काम शुरू कर दिया।' स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का कहना है कि अगर जनता को ही सड़कें सुधारनी पड़ रही हैं, तो मनपा का काम क्या है? यह दृश्य स्थानीय प्रशासन की निष्क्रियता और आम नागरिक की जागरूकता दोनों का प्रतीक बन गया है। जनता ने मांग की है कि केडीएमसी के अधिकारी केवल बैठकों में न उलझें, बल्कि जमीनी हालात की वास्तविकता देखकर तत्काल सुधार कार्य शुरू करें।

BH Capital
ONE STOP SOLUTION FOR ALL YOUR BUSINESS FINANCIAL NEEDS
UNSECURED BUSINESS LOAN
UNSECURED CORPORATE LOAN
UNSECURED MACHINERY LOAN
UNSECURED WORKING CAPITAL - CC / OD FACILITY
UNSECURED SALES & PURCHASE BILL DISCOUNTING
LOAN AGAINST PROPERTY
Ajay (MBA-Finance)
9321457879
MUMBAI OFFICE: A-5, 3RD FLOOR, CHADHA APARTMENT PREMISES CO-OP. SOC. LTD., TELI GALLI CROSS LANE, OPP. GINGER HOTEL, ANDHERI (E) - 400 069.
REGISTERED OFFICE: OFFICE NO. 7, B WING, PALI HILL APARTMENT, NEAR SADHU VASWANI STATUE, GOL MAIDAN, ULHASNAGAR - 421 002.
E-mail: info@bhcapital.in | www.bhcapital.in